भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2667
दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 के लिए प्रश्न

पशुपालन और डेयरी फार्मिंग के लिए कार्यक्रम

2667. श्री बी.बी. पाटील:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पशुपालन और डेयरी फार्मिंग में नवीनतम पद्धतियों और तकनीकों की बेहतर समझ प्राप्त करने में किसानों की सहायता करने के लिए कोई कार्यक्रम तैयार किया है जिससे उनकी आजीविका में सुधार हो सके;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा ग्रामीण उद्यमिता और बेरोजगार युवाओं और पशुपालकों के लिए कुक्कुट, भेड़, बकरी, सुअर पालन, फीड और फाडर (चारा) क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं और पशुपालकों के लिए बेहतर आजीविका के अवसरों के लिए उठाए गए नए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) से (ख) जी हां। सरकार पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में नवीनतम पद्धतियों और तकनीकों की बेहतर समझ प्राप्त करने में किसानों की मदद करने हेतु राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत विस्तार एवं प्रशिक्षण कार्यकलाप चला रही है। साथ ही, किसानों/दुग्ध उत्पादकों को राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) योजना के तहत अच्छी स्वच्छतापूर्ण /विनिर्माण पद्धतियों, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, दुधारू पशुपालन, गोपशु आहार, हरा चारा एवं खनिज मिश्रण आदि को अपनाने के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, आईसीएआर-एनडीआरआई, करनाल द्वारा छोटे किसानों के लिए डेयरी आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल विकसित किया गया है।

(ग) वर्ष 2021-22 से, सरकार ग्रामीण पोल्ट्री प्रजनन फार्म, भेड़ एवं बकरी प्रजनन फार्म, सुअर पालन और आहार एवं चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास में सहयोग करने के लिए पुनर्गठित राष्ट्रीय पशुधन मिशन लागू कर रही है।

*****